इन रिफ्लैक्शन (बदले में)

उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और
ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

जीवन का चमत्कार

आज मैंने बहुत सी अविश्वसनीय चीज़ें देखीं। आज मैंने एक चमत्कार देखा! मैंने सूर्य को उगते देखा। मैंने एक बच्चे को हंसते देखा। मैंने एक परिवार को एक-दूसरे को चूमते देखा। मैंने अपने बाग में एक फूल को देखा। इनमें से प्रत्येक एक चमत्कार था, क्योंकि वे मेरे जीवन के चमत्कार हैं।

और पिछले सत्रह वर्षों में रोजाना, मैंने जीवन के दूसरे अवसर का आनंद उठाया है और सराहा है, जिसे अंग प्रत्यारोपण ने मुझे उपलब्ध कराया है।

सभी प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं की ओर से मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होंने ऊतक और अंगों को दान दिया है। अपनी मृत्यु के समय जीवन के प्रति उनके प्रेम और दूसरों को मदद करने के निर्णय के माध्यम से उन्होंने दूसरे मनुष्यों को जीवन प्रदान करना जारी रखा है।

हमें सभी दाताओं के परिवारों के प्रति भी आभार प्रकट करना चाहिए और उन्हें धन्यवाद देना चाहिए। वे लोग, जो अधिकांश लोगों के लिए अविश्वसनीय सदमे के समय दुखद घटना के परे देखने लायक शक्ति और संवेदना रखते हैं; जिन्होंने अपने प्रियजनों के निर्णयों का सम्मान किया है या उनकी ओर से निर्णय किए हैं; दूसरों को जीवन जीने देने के लिए और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, जो अन्यथा संभव न हुआ होता।

मैं रोजाना उन दो लोगों को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने मुझ जैसे एक पूरी तरह से अजनबी को एक दिल देने जितना पर्याप्त प्यार किया, जो धड़कता है, बिना एक भी धड़कन चूके, ताकि मैं सूर्य को उगते देख सकता हूँ; मैं आलिंगन की गर्माहट को महसूस कर सकता हूँ; मैं एक फूल की महक को सूंघ सकता हूँ; मैं एक फल की ताजगी को चख़ सकता हूँ; और मैं एक बच्चे की हंसी को सुन सकता हूँ।

ये जीवन के रोजाना के चमत्कार हैं, जिनका अधिकांश लोग सही मूल्य नहीं समझते हैं। जो दूसरों के लिए मामूली है, वो मेरे लिए अद्भुत है।

Fiona Coote

© Organ & Tissue Authority 2014

इस बुकलेट को मूल लेखकों के रूप में DonateLife (डोनेट लाइफ़) एजेंसियों की साझेदारी में प्रस्तुत किया गया था।

फ़ोनः: 02 6198 9800
फ़ैक्सः: 02 6198 9801
enquiries@donatelife.gov.au
www.donatelife.gov.au

> जब आप दुखी हों तो, अपने दिल में दोबारा झांकें और आपको दिखाई देगा, कि सच में आप उसके लिए रो रहे हैं, जो कभी आपकी खुशी रहा है।
>
> Kahlil Gibran

समर्पण

यह पुस्तक सभी अंग और ऊतक दाताओं और उनके परिवारों को समर्पित है, जिन्होंने अपनी उदारता द्वारा प्रत्यारोपण के माध्यम से दूसरों के जीवनों को बदला है।

यह उन सभी के प्रति भी आभार प्रकट करती है, जिनकी दाता बनने की इच्छा पूरी नहीं हो सकी।

विषय-सूची

1	परिचय
3	**खण्ड एक - दुख**
4	दुख क्या है?
4	दुख मुझे कैसे प्रभावित करेगा?
8	बच्चे और दुख
9	वर्षगांठों और ख़ास दिनों से कैसे निबटें?
11	**खण्ड दो - सहायता**
12	दाता परिवार सहायता सेवा
13	अंग और ऊतक दाताओं को श्रद्धांजलि देना
14	दाता परिवारों की कहानियां
17	दाता परिवारों और प्राप्तकर्ताओं द्वारा साझा किए गए शब्द
18	प्राप्तकर्ताओं के पत्र
20	एक दाता माँ के शब्द
21	संपर्क
23	**खण्ड तीन - दान**
24	अंग और ऊतक दान के मार्ग
24	ब्रेन डेथ
26	कार्डियक डेथ
28	दान के बारे में जानकारी और पूछे गए सामान्य प्रश्न
31	प्रत्यारोपण के बारे में जानकारी और पूछे गए सामान्य प्रश्न
34	आभार

परिचय

इस पुस्तक को उन परिवारों और उनके मित्रों की सहायता करने के लिए लिखा गया है, जिन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति की मृत्यु का सामना किया है, जिसे वे प्यार करते थे। हमने अंग और ऊतक दान के बारे में थोड़ी जानकारी को शामिल किया है, जो किन्हीं शेष प्रश्नों का उत्तर दे सकती है।

दाता परिवारों और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं ने भी अपनी निजी कहानियों को साझा करके इस पुस्तक के लिए उदारतापूर्वक योगदान दिया है। हालांकि, हो सकता है, कि आप इसे अभी पूरा पढ़ना न चाहें, लेकिन आपको इसमें दुख और शोक के बारे में कुछ जानकारी मिलेगी, जिससे हम आशा करते हैं, कि आपको यह समझने में मदद मिलेगी, कि आपको अपनी व्यक्तिगत यात्रा में क्या आशा करनी चाहिए।

दुख

4 दुख क्या है?
4 दुख मुझे कैसे प्रभावित करेगा?
8 बच्चे और दुख
9 वर्षगांठों और ख़ास दिनों से कैसे निबटें?

दुख क्या है?

किसी ऐसे व्यक्ति की मृत्यु, जिसे हम प्यार करते हैं, एक सार्वभौमिक अनुभव है और इस हानि के साथ होने वाले दुख के अनुभव से बचा नहीं जा सकता है। यह ख़ासतौर पर कठिन हो जाता है, जब मृत्यु अचानक या अप्रत्याशित हो जाती है और तैयारी के लिए कोई समय नहीं होता है - अलविदा कहने का कोई समय नहीं मिल पाता है।

आप आघात, भ्रमित और डरे हुए महसूस कर सकते हैं। दुनिया को देखने का आपका तरीका अचानक बदल जाता है। आपका सुरक्षा और निश्चिंतता का भाव हिल जाता है और 'कृत्रिम दुनिया' में होने का एहसास छा जाता है। साथ ही गुस्से का एहसास भी हो सकता है और जो हुआ, उसके लिए किसी पर दोष मढ़ने की प्रबल ज़रूरत महसूस हो सकती है।

मृत्यु के असर के कई घटक आप पर प्रभाव डालेंगे। इनमें मरने वाले व्यक्ति की आयु और उससे संबंध के साथ-साथ उसकी मृत्यु के चारों ओर की परिस्थितियां शामिल हैं।

दुख मुझे कैसे प्रभावित करेगा?

यह जानना महत्वपूर्ण है, कि दुख का कोई ख़ास 'पैटर्न' नहीं होता है। ऐसी कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है, जिसके अंदर आपको 'बेहतर महसूस' करना चाहिए और 'अवस्थाओं' का कोई निर्धारित क्रम नहीं है। एक व्यक्ति के रूप में, इससे निबटने के हम सभी के तरीके अलग-अलग होंगे। हालांकि, कुछ ऐसी प्रतिक्रियाएं हैं, जिन्हें शोकग्रस्त लोगों द्वारा आमतौर पर अनुभव किया गया है। हमने उनमें से कुछ को नीचे सूचीबद्ध किया है, जिन्हें संभवतः आपने स्वयं में पहचाना हो सकता है और साथ ही कुछ चीज़ें हैं, जिन पर आप संभवतः विचार करना चाह सकते हैं। इनमें से किसी को भी महसूस करना पूरी तरह से सामान्य है।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

भावनात्मक

- अकसर संवेदनशून्यता और अविश्वास का एक भाव आपको पहले कुछ दिनों या हफ्तों में मुकाबला करने में मदद करेगा। जब संवेदनशून्यता दूर होने पर चीज़ें बदतर महसूस हों, तो चकित न हों।
- इसे पहचानें, कि गुस्सा, दुख का एक सामान्य भाग है।
- खुद को रोने की अनुमति दें - अपने आस-पास प्रत्येक व्यक्ति के लिए मजबूत बनने की कोशिश न करें।
- लोगों को यह जानने दें, कि वे मददगार हो सकते हैं - व्यावहारिक लक्ष्यों के साथ-साथ भावनात्मक सहायता प्रदान करने में।
- आप दूसरों के साथ की ज़रूरत और खुद के लिए कुछ समय चाहने के बीच डावांडोल हो सकते हैं। लोगों से खुल कर मिलें - उन ज़रूरतों को पता लगने दें।
- आसान लक्ष्यों पर भी देर तक ध्यान केन्द्रित करने में कठिनाई महसूस हो सकती है - खुद से बहुत अधिक आशा न करें।
- आपको शोक के दौरान प्रबल भावनाओं का अनुभव हो सकता है, जो आपको चेतावनी दे सकती हैं। ये असामान्य नहीं है, लेकिन यदि आप अपनी भावनाओं की तीव्रता और अवधि के बारे में चिंतित हैं, तो पेशेवर मदद लेने में घबराएं नहीं।

शारीरिक

- आपका अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतना ख़ासतौर पर महत्वपूर्ण है। आप बहुत तनाव में होते हैं और आपको संक्रमण होने की अधिक संभावना होती है। आप जर्जर महसूस कर सकते हैं।
- युक्तिसंगत रूप से ठीक महसूस करने की कोशिश करें, भले ही इसमें कोई आनन्द न हो।
- आपके सोने के तरीकों में गड़बड़ी होने की संभावना है। जब हो सके, आराम करने के लिए दिन में थोड़ी देर के लिए बाहर जाने की कोशिश करें।
- अधिक शराब, ड्रग्स और नुकसानदायक चीजों को पीने से बचें।
- यदि आपको ऐसे लक्षण होते हैं, जो आपको चिंतित कर रहे हैं, तो अपने स्थानीय डॉक्टर से सलाह लें।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

सामाजिक

- शोक के समय मित्र और परिवार अकसर अधिक सहायक होते हैं, लेकिन समय बीतने के साथ ऐसा कम हो सकता है। जब आपको आवश्यकता हो, तो उनसे संपर्क करने में सक्षम होना महत्वपूर्ण है। अपनी ज़रूरतों के बारे में उनके द्वारा अंदाज़ा लगाने का इंतज़ार न करें। वे अकसर गलत और बहुत देर से अंदाज़ा लगा सकते हैं।
- सामाजिक सभाओं में चिंता की भावनाएं प्रकट हो सकती हैं, ख़ासतौर पर पहले हफ्तों और महीनों में। स्वयं के प्रति सौम्य हों और उन लोगों के साथ रहने का चयन करें, जिन पर आप विश्वास करते हैं।
- दुख के समय के दौरान, नए संबंधों को समझना मुश्किल हो सकता है। नए संबंधो को निष्पक्षता से देखना कठिन है, यदि आप अभी-भी सक्रिय रूप से शोकग्रस्त हैं। आपके नुकसान को कोई नहीं भर सकता है। लोग जैसे हैं, उनके साथ उनके उसी स्वरूप में आनंद उठाने की कोशिश करें।

आर्थिक

- हड़बड़ी वाले निर्णय लेने से बचें। पहले वर्ष के दौरान जीवन के बड़े निर्णयों को न लेने की कोशिश करें, जब तक कि पूरी तरह से जरूरी न हो।
- मोटे तौर पर, अधिकांश लोग जाने-पहचाने माहौल में बने रहने को सबसे अच्छा पाते हैं, जब तक कि अपने भविष्य के बारे में अधिक शांति से विचार नहीं करने लायक नहीं हो जाते हैं।
- किसी ऐसे व्यक्ति से सलाह लेने में हिचकिचाएं नहीं, जिस पर आप विश्वास करते हैं।

आध्यात्मिक

- शोक के दौरान निजी विश्वास राहत का एक बड़ा स्रोत हो सकता है।
- कुछ लोगों को मरे हुए व्यक्ति के सपने या स्पर्श या उसके भूत के दिखाई देने के बोध का अनुभव हो सकता है और इससे राहत मिल सकती है।
- जब हम शोकग्रस्त होते हैं, तो हम मानव अवस्था में अपने स्थान और दुनिया के काम करने के तरीकों के बारे में अपने दृष्टिकोणों और विश्वासों के बारे में सक्रिय रूप से विचार करते हैं और उनका पुनर्मूल्यांकन करते हैं।
- हम इस समय अपने प्रियजनों की मृत्यु के अभिप्राय के साथ संभवतः संघर्ष कर रहे हो सकते हैं।
- वह व्यक्ति, जिसकी मृत्यु हुई, उसे प्यार करने और जानने की खुशी से आपको जो भावनात्मक विरासत मिली है, उसके बारे में विचार करना मददगार हो सकता है।

- आपका स्थानीय पादरी या धार्मिक नेता आपको सहायता प्रदान करने में सक्षम हो सकता है।
- कुछ लोगों ने सूचित किया है, कि उपस्थित व्यक्ति को प्यार करने से, उनकी अनुपस्थिति में उन्हें प्यार करने की अवस्था में जाना बहुत सहायक होता है।

क्या सहायक हो सकता है?

उस वातावरण से सामंजस्य बैठाने में समय लगता है, जिसमें वह व्यक्ति, जिसे आप प्यार करते थे, नहीं होता। वे चीज़ें, जिनसे आप सबसे कम आशा करते हैं, आपकी यादों को भड़का सकती हैं और आपको भावनाओं से विह्वल कर सकती हैं-- संगीत का कोई भाग, कोई खाली कुर्सी, किसी पसंदीदा पर्फ्यूम की महक।

यह पहचानना सीखें, कि आपके लिए क्या काम करता है। आप जल्दी ही उन पारिवारिक सदस्यों या मित्रों को पहचान लेंगे, जो आपको संभलने देंगे और आपको अपने दुख को इस तरीके से अभिव्यक्त करने देंगे, जो आपके लिए अर्थपूर्ण है। दिवंगत व्यक्ति के बारे में बाते करें और दूसरों को भी उनकी यादों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें। कभी-कभी लोग दिवंगत व्यक्ति के बारे में बात करने में इस डर से हिचकिचाते हैं, कि कहीं आपको दुख न पहुंचे। वे संभवतः उन्हें अनुमति देने के लिए आपका इंतज़ार कर सकते हैं।

आपको लग सकता है, कि खुद के साथ थोड़ा समय बिताना भी मददगार होता है -- किसी पत्रिका में अपनी भावनाओं को लिखना, किसी ख़ास स्थान पर जाना, जहां सुरक्षित महसूस होता हो और जहां से आपके लिए खुशगवार यादें जुड़ी हों, किसी स्मृति पुस्तिका को साथ रखना। आपके लिए अलग-अलग समय पर अलग-अलग चीजें काम कर सकती हैं।

परिवार के प्रत्येक स्त्री या पुरुष के उस व्यक्ति के साथ अपने ख़ास संबंध होते हैं, जिसकी मृत्यु हुई है और वे उसके असर को अलग-अलग ढंग से महसूस करेंगे।

ये भावनाएं हमेशा नहीं रहेंगी, हालांकि, कभी-कभी ऐसी लग सकता है, कि जैसे वे बेहतर होने के बजाए बदतर हो रही हैं। समय बीतने के साथ धीरे-धीरे आप इन अंतरों को महसूस कर सकते हैं:

- बुरे दिनों की अपेक्षा अब आपके साथ अच्छे दिन अधिक हैं।
- आप उस व्यक्ति के बारे में अपनी यादों को साझा कर सकते हैं, जिसकी मृत्यु हुई है और दुख की अपेक्षा अधिक खुशी का अनुभव कर सकते हैं।
- आप जीवन में दोबारा सक्रिय रूप से ध्यान लगाना शुरू कर सकते हैं और भविष्य की योजना बना सकते हैं।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

बच्चे और दुख

बच्चों की मृत्यु के बारे में समझ उनकी आयु के अनुसार अलग-अलग होगी। यहां तक कि छोटे बच्चे भी इस बात से अवगत हो सकते हैं, कि कुछ बहुत बुरा घटित हुआ है, लेकिन संभवतः वे इसकी गंभीरता को समझने में सक्षम नहीं हो सकते हैं।

उनका घर और परिवार सुरक्षा के उस एकमात्र भाव को उपलब्ध कराता है, जिसे वे जानते हैं। वे उन लोगों के निराश होने और टूटने को लेकर बहुत संवेदनशील होते हैं, जिनके पास वे आमतौर पर ढाढ़स के लिए जाते हैं। यह महत्वपूर्ण है, कि वे महसूस करें, कि उन्हें प्यार किया और आश्वासन दिया जा रहा है।

आप संभवतः नोटिस कर सकते हैं, कि बच्चों का व्यवहार पीछे की ओर लौट रहा है। वे ऐसा व्यवहार कर सकते हैं, जैसा उन्होंने तब किया था, जब वे कहीं अधिक छोटे थे। उदाहरण के लिए:

- वे आपके पास रहने का आग्रह कर सकते हैं और आपसे अलग होने पर बहुत घबरा सकते हैं।
- उनकी नींद का पैटर्न गड़बड़ा सकता है और उनमें बुरे सपने शामिल हो सकते हैं।

क्या सहायक हो सकता है?

कुछ ऐसी चीज़ें हैं, जिन्हें आप मदद के लिए कर सकते हैं और इसे ध्यान में रख कर हमने उनमें से कुछ को नीचे सूचीबद्ध किया है:

- छोटे बच्चे अकसर खेल के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करते हैं। उनके साथ खेलने के लिए समय निकालें और उनसे यह समझाने के लिए कहें, कि वे क्या कर रहे हैं।
- उनके साथ खुले और ईमानदार हों -- जो घटित हो रहा है, उसे जितना संभव हो, सरल ढंग से समझाएं।
- उन्हें शामिल करें -- उन्हें उस व्यक्ति के लिए 'कुछ ख़ास करने' में सक्षम होने की आवश्यकता है, जिसे वे प्यार करते थे -- बाग बनाएं, कोई फूल लगाएं, ऐसा कुछ लें, जिसे उन्होंने समाधि स्थल पर बनाया था। रचनात्मक रहें।
- जितनी जल्दी संभव हो, स्कूल को यह बताएं, कि क्या हुआ है। यह शिक्षकों को इस बात की योजना बनाने के लिए समय देगा कि बच्चों के कक्षा में वापस आने पर उन्हें सबसे अच्छे ढंग से कैसे सहायता की जा सकती है।
- सिर्फ ये जानना, कि इनमें से कुछ प्रतिक्रियाएं सामान्य हैं, एक माता-पिता के रूप में आपको आश्वस्त कर सकता है। हालांकि, यदि किसी समय आप इस बारे में चिंतित हैं, कि आपका बच्चा कैसे निबट रहा है, तो अपने स्थानीय डॉक्टर (चिकित्सक) से पेशेवर सलाह लेने में हिचकिचाएं नहीं।

बच्चों और माता-पिता, दोनों के लिए ऐसी कई बेहतरीन पुस्तकें हैं, जिनमें से कुछ की सूची को आपके राज्य या प्रदेश की DonateLife एजेंसी से हासिल किया जा सकता है।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

वर्षगांठों और ख़ास दिनों से कैसे निबटें?

वर्षगांठें और ख़ास दिन, जिसे आप प्यार करते थे, उस व्यक्ति के बिना कभी-भी वैसे नहीं रह जाएंगे। ख़ासतौर पर पहला वर्ष विशेषकर पीड़ादायक हो सकता है। प्रत्येक महत्वपूर्ण दिन के लिए इस बात की चिंता के साथ, कि आप इससे 'कैसे पार पाएंगे' 'तनाव बढ़ने' का बोध होता है।

क्या सहायक हो सकता है?

- आगे की सोचें -- परिवार के लोगों के साथ उस दिन के बारे में खुल कर बात करें -- हर एक की अलग-अलग आवश्यकताएं और आशाएं होंगी।
- बच्चे ख़ासतौर पर यह आश्वासन चाहेंगे, कि परिवारिक जीवन, जितना संभव हो सामान्य ढंग से चलता रहेगा।
- उस दिन को उन लोगों के साथ साझा करें, जिनके साथ आप आनंद उठाते हैं और जिनके साथ आप सुविधाजनक महसूस करते हैं।
- आप सामान्य पारिवारिक रिवाज़ों में बदलाव करने और एक नई पारिवारिक परंपरा बनाने का चयन कर सकते हैं।
- उस दिन को किसी तरीक से अर्थपूर्ण बनाने की कोशिश करें।
- दूसरों को योजना बनाने में आपकी मदद करने दें, यह याद रखते हुए, कि यह आपका ख़ास समय है।
- खुद को अपने आस-पास के लोगों के साथ हंसी और आंसू, दोनों को साझा करने दें -- यह उन्हें भी अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में मदद कर सकता है।
- अपने रिश्तेदार को याद करने में रचनात्मक बनें -- एक मोमबत्ती जलाएं, क्रिसमस ट्री के लिए एक खास सजावट खरीदें, कुछ ऐसा ख़ास खरीदें, जिसका पूरा परिवार आनंद उठा सके।
- बच्चे उस व्यक्ति का चित्र बनाना या उसे पत्र लिखना चाह सकते हैं, जिसकी मृत्यु हुई है।
- खुद के प्रति दयालु हों -- वास्तविक लक्ष्य स्थापित करें।
- अपने रिश्तेदार की यादों को संजोएं -- आप हमेशा उन्हें अपने दिल में रखेंगे।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

सहायता

12 दाता परिवार सहायता सेवा
13 अंग और ऊतक दाताओं को श्रद्धांजलि देना
14 दाता परिवारों की कहानियां
17 दाता परिवारों और प्राप्तकर्ताओं द्वारा साझा किए गए शब्द
18 प्राप्तकर्ताओं के पत्र
20 एक दाता माँ के शब्द
21 संपर्क

दाता परिवार सहायता सेवा

अंग और ऊतक दाताओं के परिवारों को दान के पहले, दौरान और बाद में सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक National Donor Family Support Service (राष्ट्रीय दाता परिवार सहायता सेवा) की स्थापना की गई है। इस सहायता को कई तरीकों से उपलब्ध कराया जाता है और यह आपकी अभी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग होगी।

सेवा के भाग के रूप में दाता परिवार सहायता समन्वयक, प्रत्येक राज्य और प्रदेश की DonateLife एजेंसी में स्थित हैं। Donor Family Support Coordinator (दाता परिवार सहायता समन्वयक), आपके हानि के समय के दौरान आपके और आपके परिवार की सहायता के लिए उपलब्ध है। वे सुनने; जानकारी और आश्वासन देने और यदि आपके पास कोई प्रश्न या चिंताएं हैं, तो उनके उत्तर देने के प्रस्तुत हैं। आपको निकटतम संबंधियों से बाहर किसी व्यक्ति से बात करना मददगार लग सकता है। इस सेवा में स्थानीय शोक सलाहकारों की सलाह या निर्दिष्ट करना शामिल है, यदि आवश्यकता हो।

DonateLife एजेंसी के साथ शुरुआती पत्राचार में आप यह जानेंगे, कि प्रत्यारोपण के माध्यम से कितने लोगों की मदद की गई है और अब वे कैसे आगे बढ़ रहे हैं। दाता और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं, दोनों के परिवार अति संवेदनशील होते हैं और उन्हें ठीक होने और बहुत अलग-अलग परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करने के लिए समय चाहिए होता है।

हालांकि, प्राप्तकर्ताओं की पहचान को प्रकट नहीं किया जा सकता है, लेकिन दाता परिवार सहायता समन्यवक या दाता समन्वयक आपके पत्राचार को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है, यदि आप ऐसा चाहते हैं। इसी तरह से, आप प्राप्तकर्ताओं को लिखना चाह सकते हैं या उन्हीं तरीकों से उनके पत्रों का जवाब देना चाह सकते हैं।

यदि किसी समय, आपको ऐसा लगता है, कि यह ऐसा कुछ है, जिसे आप करना चाहेंगे, तो आपका दाता परिवार सहायता समन्वयक आपकी मदद करने में सक्षम होगा।

भविष्य में, यदि आपको प्राप्तकर्ताओं की प्रगति के बारे में नवीनतम जानकारी चाहिए हो, तो इसे उन्हीं तरीकों से उपलब्ध कराया जा सकता है। नवीनतम जानकारियों को नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराया जाता है, क्योंकि सभी परिवार यह नहीं जानना चाहते हैं, कि क्या कुछ वर्षों में परिस्थिति बदल चुकी है।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

अंग और ऊतक दाताओं को श्रद्धांजलि देना

पिछले कुछ वर्षों में, पूरे ऑस्ट्रेलिया की अंग और ऊतक दाता एजेंसियों ने सभी अंग और ऊतक दाताओं और उनके परिवारों की उदारता के प्रति आभार प्रकट करने के लिए कुछ ख़ास तरीकों को विकसित किया है।

DonateLife की स्मरण सेवाएं

DonateLife की वार्षिक स्मरण सेवाओं का उद्देश्य दाताओं और उनके परिवारों की उदारता और उनके प्रति कृतज्ञता के लिए मंच उपलब्ध कराना है। यह अंग और ऊतक दान द्वारा प्रभावित उन सभी के लिए उन सभी से मिलने का एक अवसर भी है, जिनका जीवन भी इस अनुभव से बदला है।

दाता परिवार सहायता पिन

इस लेपल पिन (कोट/जैकेट की पिन) को ख़ासतौर पर अंग और ऊतक दाताओं के परिवारों के लिए बनाया गया है।

DonateLife Book of Life (डोनेट लाइफ़ बुक ऑफ़ लाइफ़)

DonateLife Book of Life उन व्यक्तियों की कहानियों का एक संग्रह है, जो अंग और ऊतक दान द्वारा प्रभावित हुए हैं। ये कहानियां उन जीवनों की उदारता को श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं, जो दुखद रूप से और अचानक खत्म हो गईं। Book of Life ने अपनी यात्रा DonateLife सप्ताह, फरवरी 2011 में ऑस्ट्रेलिया के आसपास से शुरू की थी। इसकी लोकप्रियता के कारण, यह DonateLife स्रोतों का एक स्थायी हिस्सा और वह स्थान बन गई, जहां दाता और प्रत्यारोपण कहानियों को कहा जा सकता है। Book of Life तक (www.donatelife.gov.au) के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

उपरोक्त में से किसी के बारे में अधिक विवरणों के लिए, कृपया अपने राज्य या प्रदेश में DonateLife एजेंसी से संपर्क करें।

दाता परिवारों की कहानियां

दो परिवारों ने अपने निजी अनुभवों को उदारतापूर्वक हमारे साथ साझा किया है।

पहली कहानी

कुछ साल पहले, बादलों से ढंकी दोपहर में, मुझे टेलीफ़ोन से पता चला, कि मेरे प्यारा बड़ा बेटा सिर पर चोट लगने के बाद तुरंत मर गया था। ऐसा मोटर वाहन दुर्घटना की वजह से हुआ था, जो कि उसके काम से घर आने के रास्ते में हुई थी।

कुछ घंटे बाद, उसकी युवा विधवा, जिसको सांत्वना देना संभव नहीं था, के पास जब दाता समन्वयक संभावित ऊतक दान के बारे में चर्चा करने आए, तो वह आवश्यक निर्णय करने में अक्षम थी।

मुझे यह पता नहीं था, कि मेरे बेटे ने एक दाता के रूप में पंजीकरण कराया था, लेकिन उसे जीवन में एक प्यार करने वाले, विचारवान, ईमानदार और दयालु, आध्यात्मिक व्यक्ति होने के रूप में जानने के कारण, मुझे अनुरोध के अनुसार ऊतक निकालने के काम की अनुमति देने में कोई हिचकिचाहट नहीं थी। मैं यह कहूंगी, कि अगर उसकी यही इच्छा थी, तो उसकी असमय मृत्यु की इस घटना में दान देने के उसके चयन से इनकार करने का हमें कोई अधिकार नहीं था।

ऊतक दान के बाद, हम उसके शरीर को देख सकते थे और हमने उसे वैसा ही दिखता पाया, जैसा कि वह हमेशा दिखता था, जब सो रहा होता था। कुछ समय बाद, मुझे दाता समन्वयक से एक आनन्ददायी सुंदर पत्र मिला, जिसमें मुझे मेरे बेटे से ऊतक के दान के लिए धन्यवाद दिया गया था।

मुझे यह साझा करने में गर्व है, कि मेरे बेटे ने अपनी आंखें, हृदय के वाल्व, पैर की हड्डियां और एड़ी की हड्डी के पुट्ठे दान दिए थे। मुझे यह साझा करने में भी सम्मान महसूस हो रहा है, कि उसके दान के परिणामस्वरूप तीस से चालीस वर्ष की आयु के बीच के एक पुरुष और एक महिला को अपनी दृष्टि दोबारा मिली और सत्रह अन्य लोगों को हड्डी के जोड़ मिले -- इनमें से पांच प्राप्तकर्ता बच्चे थे।

मेरा बेटा एक बच्चे का पिता बनने से पहले मर गया, लेकिन मुझे उस पर इससे अधिक गर्व नहीं हुआ होता। मर कर, सीधे अपने उपहारों के कारण, उसने कई लोगों के जीवनों को बढ़ाया है -- न केवल उन व्यक्तियों को, जिन्होंने ऊतक के जोड़ों को हासिल किया है, बल्कि उनके परिवारों और अन्य रिश्तेदारों को भी। मुझे विश्वास है, कि वे सभी अपने रिश्तेदारों द्वारा अब बेहतर गुणवत्ता वाले जीवन का आनंद उठाने से खुश हैं।

यह जानकारी मेरे परिवार और खुद मेरे लिए एक स्थायी दिलासा है।

दूसरी कहानी

जैसा हम जानते हैं, जीवन हमारे लिए कई वर्ष पहले बदल गया था। बहुत सुबह का समय था। मैं जागी हुई एक नए दिन के बारे में सोच रही थी, जब अचानक मुझे दूसरे कमरे से चीखने की आवाज आई। ये मेरी किशोर बेटी थी। उसने मुझसे कहा "माँ, मुझे ऐसा लग रहा है, कि मेरा सिर फट जाएगा। डॉक्टर को कॉल करो। कुछ गड़बड़ है!"

पन्द्रह मिनट के अंदर, वो बेहोश हो गई थी। जब मैं एम्बुलेंस को कॉल कर रही थी, उसने सांस लेना बंद कर दिया था, इसलिए मैंने एम्बुलेंस के आने तक उसे सांस दी। मुझे उसकी चीख सुनाई देने के बाद पैंतालिस मिनटों के अंदर वो अस्पताल में थी। एक मां का सबसे बदतर दुःस्वप्न शुरू हो चुका था।

इससे पहले कि हमें यह समझ में आए, कि समस्या क्या थी, कई घंटे बीत चुके थे। एक CT (सीटी) स्कैन के बाद, उन्होंने पता लगाया, कि उसे ब्रेन हेमरेज हुआ था। अस्पताल में भर्ती किए जाने के चार घंटे बाद वे इंटेसिव केयर में थी और हम उससे मिल सकते थे। वो इतनी 'सामान्य' दिखाई दे रही थी, जैसे कि वो सो रही थी। उसका शरीर गर्म था। उसकी छाती उठ और गिर रही थी। ऐसा कोई संकेत नहीं दिखाई दे रहा था, कि वहां कोई गड़बड़ हुई थी। पिछले कुछ घंटों में जो कुछ हुआ था, उस पर हम विश्वास नहीं कर पा रहे थे।

इंटेसिव केयर में हमने जो देखा, उसके जल्द बाद डॉक्टरों ने पहली पारिवारिक बैठक की। उन्होंने हमें बताया, कि उसे रक्तस्राव क्यों हुआ था, लेकिन ये इतना घातक था, कि इससे उबरने की वास्तव में कोई आशा नहीं थी। ये सुनने के बाद, मेरा पहला विचार था, कि उसे अभी-भी 'जिंदा' होना चाहिए था, ताकि उसके पिता और बड़ी बहन, जो कि दोनों किसी दूसरे राज्य में काम कर रहे थे, अलविदा कहने के लिए वहां आ सकें। इसके बाद, मैंने कहा, कि वो एक अंग दाता बनना चाहती थी। हालांकि, डॉक्टरों ने मुझे जल्दी से ये बताया, कि इसे तब तक चर्चा नहीं किया जा सकता, जब तक कि ब्रेन डेथ स्थापित न हो जाए और जांचों को अगले चौबीस घंटों के लिए नहीं किया जाएगा।

हमने अंग दान के बारे में चर्चा की थी, जब वो अपने चालक लाइसेंस के लर्नर परमिट के लिए गई थी और उसने कहा था, कि ये करने लायक सही चीज़ थी। मैं भाग्यशाली थी, कि मेरे दिमाग में कोई शंका नहीं थी, कि वो इसे मंजूर करेगी। मैं हमेशा मानती थी, कि अंग दान करना, किसी भयानक परिस्थिति से थोड़ी अच्छाई निकलने का एकमात्र रास्ता था, लेकिन मैंने सच में ऐसा कभी नहीं सोचा था, कि 'ये हमें भी हो सकता था'। उसके पिता और बहन उस दिन बाद में आ गए थे और हमने उसके साथ भरपूर समय बिताया। उसकी छोटी बहन उसके लिए Walkman (वॉकमैन) लाई थी और हमने उसकी पसंदीदा CDs (सीडी) को बजाया। उसके ब्वॉयफ्रेन्ड ने उसके साथ उन सभी योजनाओं और सपनों के बारे में बात की, जो अब पूरे नहीं होंगे। मैं बैठ गई और उसका हाथ थाम लिया और आशा और प्रार्थना की, कि वो अब-भी ये सुनने के लिए 'वहां' थी, कि हम उसे कितना प्यार करते थे और हमें उसे याद करेंगे।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

अगले दिन ब्रेन डेथ जांचों ने हमारे सबसे बुरे डर की पुष्टि कर दी और अंग दान की प्रक्रिया शुरु हो गई। ऐसा भी समय था, जब मैंने खुद सोचा, कि 'हमने उसे बहुत जल्दी जाने दिया था -- आखिरकार, लोग कोमा से भी उठ जाते हैं और ठीक हैं'। तब मैंने नर्सों से बात की और कठोर जांचों के बारे में याद किया और माना, कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था, कि वो वेंटिलेटर पर कितने दिन रहती है, वो उठने वाली नहीं थी।

उसे अंग दान के लिए थियेटर ले जाते समय लिफ्ट के दरवाजे बंद होते देखना दिल तोड़ने वाला था, लेकिन हमें विश्वास था, कि ये करने लायक सही चीज़ थी। हालांकि, हम ऐसी भयानक पीड़ा में थे, तो भी ये जानना राहत भरा था, कि 'वहां पर' कहीं लोग खुशी मना रहे थे, कि उनके रिश्तेदार को जीवन का एक दूसरा अवसर दिया गया था।

मेरी बेटी की मृत्यु से कई लोग प्रभावित हुए हैं और हालांकि, कुछ भी इसे ठीक नहीं ठहराता है, कि वो अपने सपनों को पूरा करने के लिए यहां नहीं है, तो भी वो अपने पीछे जो विरासत छोड़ गई थी, वो बहुत दूर तक जाती है। ऐसा कुछ नहीं था, जो हम उसे मरने से रोकने के लिए कर सकते थे, लेकिन अंग दान का अर्थ था, कि उसकी मौत अर्थहीन नहीं थी। प्राप्तकर्ताओं को ये कभी पता नहीं चलेगा, कि वो कौन थी, लेकिन मुझे विश्वास है, कि उसे इन अजनबियों द्वारा हमेशा याद किया जाएगा, जिनको उसके 'जीवन दान' के कारण जीने का एक दूसरा अवसर मिला है।

अंग और ऊतक दान से प्रभावित लोगों की जीवन-रक्षक और जीवन-परिवर्तन कहानियों के संग्रह को देखने के लिए www.donatelife.gov.au/resources/book-of-life पर जाएं।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

दाता परिवारों और प्राप्तकर्ताओं द्वारा साझा किए गए शब्द

आपके सभी खयाल रखने वाले और उदार शब्दों के लिए आपका धन्यवाद -- इससे वास्तव में फर्क पड़ा है

दाता परिवार

यह तथ्य, कि हमारा प्रियजन प्रत्यारोपण के माध्यम से दूसरों की मदद करने में सक्षम था, हमारे लिए बहुत राहत की बात है। वे हमेशा खुश रहें।

दाता परिवार

हमें जो भी समर्थन मिला है, उसने हमें हमारी क्षति से निबटने में मदद की है और दिखाया है, कि आप कितना ज्यादा खयाल रखते हैं।

दाता परिवार

सिर्फ 'धन्यवाद' कहना, कितना अधूरा लगता है...

एक बहुत कृतार्थ प्राप्तकर्ता

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

प्राप्तकर्ताओं के पत्र

हमारे 'विशेष' दाता परिवार,

हम इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकते, कि आपके निर्णय का हमारे लिये क्या अर्थ है और हमारा छोटा बच्चा अब चार साल का हो चुका है। बिना किसी प्रत्यक्ष कारण के उसका यकृत बेकार होने के बाद उसे जीवित रहने के लिए केवल एक हफ्ता दिया गया था। ये हमारे लिए एक बड़ा सदमा था, क्योंकि वो हमेशा बहुत स्वस्थ रहा था। हमारे स्थानीय अस्पताल में थोड़े समय रहने के बाद, बाद में उसका एक जीवन रक्षक प्रत्यारोपण किया गया था। यदि आपने यह निर्णय न लिया होता, तो वो मर गया होता। उस निर्णय ने हमारे दिलों को चीर दिया था, क्योंकि जहां हम यह प्रार्थना कर रहे थे, कि कोई दाता मिल जाए, वहीं हम यह जानते थे, कि किसी को अपना रिश्तेदार खोना होगा।

हमारा शैतान, जीवंत छोटा लड़का अब दोबारा पूर्ण स्वस्थ है और चार वर्ष के एक सामान्य बच्चे की तरह जी रहा है। हम और हमारा परिवार आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं।

हम आशा करते हैं, कि ये पत्र आपके दुख के समय में आपको थोड़ी राहत पहुंचाएगा। आपने न केवल हमारे बेटे को बचाया है, बल्कि आपने एक भाई, पोते, चचेरे भाई और भतीजे को भी बचाया है।

प्रिय दाता परिवार,

मैं एक माँ हूँ और अट्ठारह महीने पहले, मैंने महसूस किया था, कि मेरे नज़र कमजोर होती जा रही थी। क्रिसमस के ठीक पहले, मुझे बहुत धुंधला और अस्पष्ट दिख रहा था, जो कि बहुत डरावना था। मैंने अपने GP (जीपी) को कॉल किया, जिसने मुझे सीधे एक नेत्र-विशेषज्ञ के पास भेज दिया, जिसने Fuchs Dystrophy Syndrome (फ्यूक्स डिसट्रॉफ़ी सिंड्रोम) होने का निदान किया था, जो कि एक आनुवांशिक नेत्र रोग होता है, जिसमें दोनों आँखों के कॉर्नियल प्रत्यारोपण की ज़रूरत होगी। पिछले समय को याद करती हूँ, तो मेरी नज़र धीरे-धीरे जा रही थी और मुझे याद है, कि मैं अपने बेटी के लिए पढ़ने की कोशिश कर रही थी और मुझे ये इतना कठिन लग रहा था, कि मुझे उसे एक टॉर्च पकड़ने के लिए कहना पड़ा, ताकि मैं उसके लिए पढ़ सकूं। मेरे पिता को भी यही रोग था और उन्होंने कॉर्नियल प्रत्यारोपण कराया था, इसलिए मुझे इस प्रक्रिया के बारे में थोड़ा बहुत पता था, लेकिन तो भी मैं बहुत डरी और घबराई हुई थी। प्रतीक्षा-सूची में केवल चार महीने रहने के बाद मुझे फ़ोन कॉल आई और हालांकि मैं डरी हुई थी, तो भी मैं आशा कर रही थी, कि एक दिन मैं दोबारा देखने में सक्षम हो पाऊंगी और अपनी बेटी के लिए पढ़ सकूंगी।

मेरे कॉर्नियल प्रत्यारोपण के बाद से दस महीने हो चुके हैं और एक भी दिन ऐसा नहीं बीतता है, जब मैं अपने दाता के बारे में न सोचती हूँ और उन्हें धन्यवाद न देती हूँ, जिन्होंने मुझे देखने का एक अवसर दिया है। अगर उनके परिवार ने दान देने का चयन न किया होता, तो मैं आपको अपने विचारों के बारे में बता पाने में और मुझे जो दिया गया है, उसके लिए धन्यवाद दे पाने में सक्षम न हो पाई होती।

मैं अपने छह साल की बेटी के लिए पढ़ने और उसे पढ़ना सिखाने में मदद करने में सक्षम हूँ। पिछले हफ्ते, मैंने पहली बार उसकी नाक पर चकत्ता देखा। मैं बता नहीं सकती, कि ये छोटे-छोटे अनुभव कितने अद्भुत हैं।

मैं इस परिवार के लिए प्यार और धन्यवाद का अनुभव करती हूँ और उनके रिश्तेदार के बारे में बता पाना आसान नहीं है। उनकी उदारता और निस्वार्थ प्रेम ने मुझे अपनी बेटी को देखने लायक दृष्टि प्रदान की है। मैं उन्हें पर्याप्त धन्यवाद भी नहीं दे सकती हूँ, लेकिन केवल इतना जानती हूँ, कि वहां कहीं उन्होंने मुझे दुनिया की सबसे खुश माँ बनाया है। उनके दान के बिना, मैं इस पत्र को लिखने में सक्षम नहीं हो सकती थी।

मैं सच्चे दिल से आपको धन्यवाद देती हूँ। नज़र को तोहफे के लिए आपका धन्यवाद। हालांकि, हम शायद कभी नहीं मिलेंगे, तो भी ये परिवार हमेशा मेरे विचारों और प्रार्थनाओं में रहेगा...धन्यवाद!

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

एक दाता माँ के शब्द

प्रिय प्राप्तकर्ता,

अपने कार्यक्षेत्र में, मुझे बहुत दूर तक की यात्राएं करनी पड़ती हैं, जिससे मुझे सोचने के लिए बहुत समय मिलता है। पिछली रात घर की यात्रा करने के दौरान मैं सोच रही थी, कि वे लोग, जिन्होंने हमारे एक रिश्तेदार के अंगों को प्राप्त किया था, कैसे गुजर बसर कर रहे होंगे। आपका पत्र मिलने पर मेरी खुशी का अंदाज़ा लगाएं। बदले में मुझे आपको भविष्य की शुभकामनाएं देने में बहुत खुशी हो रही है।

मुझे यह सोच कर अच्छा लगता है, कि मेरे बच्चे की आत्मा का एक हिस्सा आपके भीतर जिंदा है। दाता सचमुच एक प्यारा व्यक्ति था; बहुत खयाल रखने वाला, तत्परता से दोस्त बनाता था, एक उदार स्वभाव वाला और बढ़िया खिलाड़ी था, जिसे खुले मैदान में कुछ भी करना पसंद था। जहां हम उसके अचानक चले जाने से बहुत दुखी हैं, वहीं उसकी यादें बहुत प्यारी हैं।

क्या मैं एक अनुरोध कर सकती हूँ? सिर्फ यह, कि अपने परिवार और करीबी दोस्तों को यह बताएं, कि वे प्रिय हैं। मैं भाग्यशाली हूँ, जिसे बिलकुल अप्रत्याशित रूप से केवल कुछ ही समय पहले किसी ख़ास पल में यह कहा गया, "मैं तुम्हें प्यार करता हूँ, माँ" और यह सबसे अनमोल यादों में से एक है।

अपना खयाल रखें और ईश्वर आप पर कृपा करें।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

donate life

संपर्क

Organ and Tissue Authority
Level 6, 221 London Circuit
Canberra City ACT 2600
Phone: 02 6198 9800
Fax: 02 6198 9801
enquiries@donatelife.gov.au

DonateLife ACT
Canberra Hospital, Building 6, Level 1
Yamba Drive, Garran ACT 2605
Phone: 02 6174 5625
Fax: 02 6244 2405
organ.donation@act.gov.au

DonateLife NSW
Level 6, 4 Belgrave Street,
Kogarah NSW 2217
Phone: 02 8566 1700
Fax: 02 8566 1755
nsworgandonation@sesiahs.health.nsw.gov.au

DonateLife NT
1st Floor, Royal Darwin Hospital
Rocklands Drive, Tiwi NT 0810
Phone: 08 8922 8349
Fax: 08 8944 8096
donatelife@nt.gov.au

DonateLife QLD
Building 1, Level 4,
Princess Alexandra Hospital
199 Ipswich Road,
Woolloongabba QLD 4102
Phone: 07 3176 2350
Fax: 07 3176 2999
donatelife@health.qld.gov.au

DonateLife SA
Level 6, 45 Grenfell Street,
Adelaide SA 5000
Phone: 08 8207 7117
Fax: 08 8207 7102
donatelifesa@health.sa.gov.au

DonateLife TAS
Hobart Corporate Centre
Level 3, 85 Macquarie Street
Hobart TAS 7000
Phone: 03 6270 2209
Fax: 03 6270 2223
donatelife.tasmania@dhhs.tas.gov.au

DonateLife VIC
Level 2, 19–21 Argyle Place South,
Carlton VIC 3053
Phone: 03 8317 7400
Fax: 03 9349 2730
donatelife@redcrossblood.org.au

DonateLife WA
Suite 3, 311 Wellington Street,
Perth WA 6000
Phone: 08 9222 0222
Fax: 08 9222 0220
donatelife@health.wa.gov.au

अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया अपने राज्य या प्रदेश में DonateLife एजेंसी के माध्यम से **Resources and Assistance (स्रोत और सहायता)** पुस्तिका देखें।

दान

24 अंग और ऊतक दान के मार्ग
24 ब्रेन डेथ
26 कार्डियक डेथ
28 दान के बारे में जानकारी और पूछे गए सामान्य प्रश्न
31 प्रत्यारोपण के बारे में जानकारी और पूछे गए सामान्य प्रश्न

दान

दान की प्रक्रिया के दौरान, आप और आपके परिवार को बहुत तनावपूर्ण और भावनात्मक समय पर बहुत सारी जानकारी मिली होगी। जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, लोग अकसर घटनाओं को अधिक साफ़ तौर पर याद करना शुरू कर देते हैं और अधिक जानकारी हासिल करना चाहते हैं या सिर्फ घटित हुई प्रक्रियाओं के प्रति अपनी समझ की पुष्टि करना चाहते हैं। आगामी पृष्ठ, दान के बारे में परिवारों और मित्रों द्वारा पूछे जाने वाले कुछ सामान्य प्रश्नों के उत्तर देते हैं और जानकारी प्रदान करते हैं।

अंग और ऊतक दान के मार्ग

दान को बहुत आसानी से दो मार्गों के वर्णन द्वारा समझाया जा सकता है, जिसमें मृत्यु के बाद भी अंगों और ऊतकों को दान देना संभव है।

दान होने से पहले यह निर्धारित करना आवश्यक है, कि दानदाता की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु को दो तरीकों से निर्धारित किया जा सकता है:

- ब्रेन डेथ तब होती है, जब किसी व्यक्ति का मस्तिष्क स्थायी रूप से काम करना बंद कर देता है।
- कार्डियक डेथ (हृदय संबंधी मृत्यु) तब होती है, जब किसी व्यक्ति का हृदय स्थायी रूप से काम करना बंद कर देता है।

ब्रेन डेथ और कार्डियक डेथ के बीच के अंतर को समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसी व्यक्ति के मरने का तरीका इस बात पर प्रभाव डालता है, कि दान प्रक्रिया कैसे हो सकती है और कौन से अंगों और ऊतकों को दान किया जा सकता है। दान के संबंध में आपका अनुभव इस आधार पर अलग रहा होगा, कि क्या आपके प्रियजन ने ब्रेन डेथ के बाद दान दिया था या कार्डियक डेथ के बाद।

ब्रेन डेथ

ब्रेन डेथ क्या होती है?

ब्रेन डेथ तब होती है, जब मस्तिष्क इतनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाता है, कि पूरी तरह से और स्थायी रूप से काम करना बंद कर देता है। यह सिर पर गंभीर चोट, मस्तिष्क में रक्तस्राव, जैसे कि आघात या हेमरेज, मस्तिष्क संक्रमण या ट्यूमर या मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी के परिणामस्वरूप हो सकता है।

शरीर के किसी अन्य हिस्से की तरह ही, जब मस्तिष्क पर चोट लगती है, तो ये सूज जाता है। मस्तिष्क एक सख्त बॉक्स, खोपड़ी के अंदर होता है, जो आमतौर पर न केवल इसे चोट पहुंचने से बचाता है, बल्कि मस्तिष्क के फैल सकने को भी सीमित करता है, जब यह सूजना शुरू करता है। यह शरीर के दूसरे अंगों से अलग है, जैसे कि एक चोटग्रस्त टखना, जो बिना किसी बाधा के सूजना जारी रख सकता है। यदि मस्तिष्क सूजना जारी रखता है, तो खोपड़ी के अंदर दबाव बन जाता है, जिसके परिणामस्वरूप स्थायी क्षति हो जाती है।

यह सूजन ब्रेनस्टेम (मस्तिष्क की नली) पर दबाव बनाती है, जहां मस्तिष्क गले के पीछे की ओर रीढ़ की हड्डी से जुड़ता है। यह ब्रेनस्टेम कई कार्यों को नियंत्रित करती है, जो सांस लेने, हृदय दर, रक्तचाप और शरीर के तापमान सहित जीवन के लिए आवश्यक हैं।

जैसे-जैसे मस्तिष्क की सूजन अंदर दबाव बढ़ाती जाती है, खोपड़ी उस बिन्दु तक बढ़ जाती है, जहां मस्तिष्क ऊतक को जाने वाली रक्त वाहिकाएं दब जाती हैं। आखिरकार रक्त, जिसमें ऑक्सीजन होती है, मस्तिष्क में पहुंचना रुक जाता है (देखें डायग्राम 1)। रक्त और ऑक्सीजन के बिना मस्तिष्क की कोशिकाएं मर जाती हैं। शरीर की कई अन्य कोशिकाओं के विपरीत, मस्तिष्क कोशिकाएं दोबारा उग या ठीक नहीं हो सकती हैं। यदि मस्तिष्क कोशिकाएं मर जाती हैं, तो उस व्यक्ति का मस्तिष्क कभी-भी दोबारा काम नहीं करेगा और वह व्यक्ति मर जाएगा, जिसे 'ब्रेन डेथ' कहते हैं।

मस्तिष्क और मस्तिष्क की नली सांस लेने सहित शरीर के प्रमुख कार्यों को नियंत्रित करती है। जब कोई व्यक्ति मस्तिष्क की चोट से पीड़ित होता है, तो उसे वेंटिलेटर नामक एक मशीन से जोड़ा जाता है, जो ऑक्सीजन को कृत्रिम रूप से फेफड़ों में प्रवाहित करती है। इसके बाद हृदय द्वारा ऑक्सीजन को शरीर के बाकी हिस्से में पंप किया जाता है। दिल की धड़कन मस्तिष्क पर निर्भर नहीं होती है, बल्कि ये एक हृदय में स्थित एक प्राकृतिक पेसमेकर द्वारा नियंत्रित होती है, जो इसे ऑक्सीजन मिलने पर काम करता है।

वेंटिलेटर द्वारा शरीर को ऑक्सीजन दिए जाने के दौरान, उस व्यक्ति की छाती उठना और गिरना जारी रखेगी, जिससे उन्हें ऐसा लगेगा, कि वह सांस ले रहा है, उसका दिल धड़कना जारी रखेगा और वह छूने पर गर्म महसूस होगा। ये संकेत ब्रेन डेथ को समझना मुश्किल बना सकते हैं। हालांकि, लगातार वेंटिलेशन के बावजूद, दिल हमेशा धड़कना जारी नहीं रख सकता है और आखिरकार काम करना बंद कर देगा।

डॉक्टरों को कैसे पता चलता है, कि किसी व्यक्ति का मस्तिष्क मर चुका है?

वे लोग, जो अस्पताल में संकटपूर्ण ढंग से बीमार होते हैं, वे उनकी देखभाल करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सा और परिचर्या दलों की लगातार निगरानी में होते हैं और उनकी दशा में बदलावों के लिए ध्यानपूर्वक निगरानी की जा रही होती है। जब मस्तिष्क मर जाता है, तो कई शारीरिक बदलाव होते हैं । इनमें प्रकाश के प्रति पुतली संबंधी प्रतिक्रिया न होना, वेंटिलेटर के बिना सांस लेने में अक्षम होना और दिल की धड़कन, रक्तचाप और शरीर का तापमान गिरना शामिल है।

जब चिकित्सा दल इन बदलावों को देखता है, तो वह इस बात की पुष्टि करने के लिए नैदानिक ब्रेन डेथ जांच करेगा, कि मस्तिष्क ने काम करना बंद कर दिया है या नहीं।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

दो वरिष्ठ डॉक्टर बिस्तर के किनारे नैदानिक जांचों के उसी सेट को स्वतंत्र रूप से करते हैं। ब्रेन डेथ जांच करने वाले डॉक्टर यह देखेंगे, कि क्या वह व्यक्ति:

- पीड़ायुक्त रूप से कोंचे जाने पर कोई प्रतिक्रिया करता है
- आँख की पुतली द्वारा रोशनी के प्रति कोई प्रतिक्रिया करता है
- आंख को छूने पर झपकाने की कोई प्रतिक्रिया करता है
- आंख को हिलाने-डुलाने की कोई प्रतिक्रिया करता है, जब कान की नली में बर्फ जैसा ठंडा पानी डाला जाता है
- गले के पिछले हिस्से को छूने पर खांसने या मुंह बन्द करने की कोई प्रतिक्रिया करता है
- उस व्यक्ति को वेंटिलेटर से अलग करने पर सांस लेने की कोई क्षमता है।

यदि कोई व्यक्ति इन सभी जांचों के प्रति कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाता है, तो इसका अर्थ है, कि उसके मस्तिष्क ने काम करना बंद कर दिया है और वह व्यक्ति मर चुका है, हालांकि दिल अभी-भी धड़केगा, क्योंकि ऑक्सीजन अभी-भी वेंटिलेटर की मदद से हृदय में जा रही है।

ऐसे भी मौके आते हैं, जब रोगी की चोटों का अर्थ होता है, कि वो इन सभी नैदानिक ब्रेन डेथ जाचों को कराने में सक्षम नहीं है। उदाहरण के लिए, चेहरे की कई चोटें आंख या कान तक पहुंच को सीमित कर सकती हैं। ऐसी परिस्थितियों में, चिकित्सीय चिन्रण जांचों को यह जांचने के लिए किया जाता है, कि क्या मस्तिष्क में कोई रक्त संचार हो रहा है। इनमें मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं की एक डाई (रंजक) जांच (सेरेब्रल एंजियोग्राम या सेरेब्रल पर्फ्यूज़न स्कैन) जैसी जांचें करना शामिल हो सकता है।

जैसी ही मृत्यु की पुष्टि हो जाती है, चिकित्सा दल के सदस्य उस व्यक्ति के परिवार से वेंटिलेटर को हटाने सहित अगले चरणों के बारे में बात करते हैं।

प्रत्येक परिवार का अनुभव थोड़ा सा अलग होता है, लेकिन इसी समय के आसपास चिकित्सा दल आप और आपके परिवार से अंग और ऊतक दान की संभावना के बारे में बात करना शुरू करेगा।

कार्डियक डेथ

कार्डियक डेथ क्या होती है?

कार्डियक डेथ (हृदय संबंधी मृत्यु) तब होती है, जब कोई व्यक्ति सांस लेना रोक देता है और उसके दिल की धड़कन रुक जाती है। यह किसी अचानक बीमारी या दुर्घटना के बाद हो सकता है या यह किसी लंबी बीमारी की अंतिम अवस्था हो सकती है। यह तब भी हो सकता है, जब किसी व्यक्ति के सिर पर चोट लगती है, जिसके कारण उसके मस्तिष्क की मृत्यु नहीं हुई होती है, लेकिन यह इतनी गंभीर होती है, कि वह व्यक्ति अपने दिल की धड़कन को बनाए रखने के लिए खुद ठीक ढंग से सांस नहीं ले सकता है। ऐसी अवधि के दौरान, एक वेंटिलेटर उनके लिए कृत्रिम रूप से सांस ले सकता है, ताकि उसका दिल धड़कता रहे और पूरे शरीर में ऑक्सीजन संचारित होती रहे।

इन परिस्थितियों में, सक्रिय उपचार को केवल तभी हटाया जाता है, जब लगातार उपचार से ठीक होने की कोई संभावना नहीं दिखाई देती है, मृत्यु तय होती है और रोगी अपने जीवन की अंतिम अवस्था में होता है। तब प्राथमिकता, पीड़ा से राहत और लाइफ़ केयर (जीवन की देखभाल) के करुणामय अंत सहित प्रशामक देखभाल की होती है। सक्रिय उपचार को हटाने के बारे में परिवार के साथ हमेशा चर्चा की जाती है और उनकी सहमति ली जाती है (और रोगी की भी, यदि संभव हो)। सिर्फ जब यह निर्णय कर लिया जाता है, तभी कार्डियक डेथ के बाद दान के बारे में कोई चर्चा की जाती है।

डॉक्टरों द्वारा यह मानने के बाद, कि रोगी के दिल की धड़कन रुकने वाली है, क्या होता है?

जब डॉक्टर यह निर्धारित कर देते हैं, कि वेंटिलेटर के साथ जारी उपचार उस व्यक्ति को बेहतर नहीं करने वाला है, तो वे उस व्यक्ति के परिवार से उस व्यक्ति की अंतिम इच्छाओं और वेंटिलेटर जैसी काम न कर रही चीज़ों को हटाने सहित अगले चरणों के बार में बात करेंगे। जब वेंटिलेटर को हटा दिया जाता है, तो उस व्यक्ति की सांस ऑक्सीजन को हृदय तक ले जाने में सक्षम नहीं होगी। दिल धड़कना बंद कर देगा, क्योंकि इसे अब ऑक्सीजन नहीं मिल रही है और तब मस्तिष्क सहित सभी अंग काम करना बंद कर देंगे और वह व्यक्ति मर जाएगा।

यदि डॉक्टरों को लगता है, कि वह व्यक्ति सांस लेना रोक देगा और वेंटिलेटर हटाने के 90 मिनट के अंदर मर जाएगा, तो ऐसे में अंग और ऊतक दान का अवसर हो सकता है।

कार्डियक डेथ के बाद दान, केवल 90 मिनट की अवधि के अंदर संभव है, क्योंकि जब वेंटिलेटर को हटाया जाता है, तो ऑक्सीजन और रक्त पूरे शरीर में संचारित होना रुक जाता है। तब अंग और ऊतक ख़राब होना शुरू हो जाएंगे, क्योंकि उन्हें दान के लिए उपयुक्त बने रहने के लिए रक्त और ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है।

यदि परिवार दान का समर्थन करता है, तो उन इच्छाओं को पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए जो संभव होगा, किया जाएगा। हालांकि, वेंटिलेटर और अन्य दवाएं, जो संभवतः उसकी सहायता कर रही हो सकती हैं, को हटाने के बाद किसी व्यक्ति के मरने के सटीक समय को पहले से बता पाना बहुत कठिन हो सकता है। कुछ रोगी 10 या 20 मिनट के अंदर मर जाते हैं और दान संभव हो सकता है। दूसरे संभवतः कुछ घंटे बाद भी नहीं मर सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो अंग दान संभव नहीं होगा, लेकिन आंख, हृदय, हड्डी और त्वचा के ऊतकों को दान करना अभी-भी संभव हो सकता है।

यदि परिवार द्वारा दान का समर्थन नहीं किया जाता है, तो डॉक्टर वेंटिलेटर को हटाने के बारे में परिवार से बात करेगा। जब वेंटिलेटर को हटाया जाता है, तो ऑक्सीजन की कमी के कारण उस व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देगा और उसकी त्वचा ठंडी और पीली हो जाएगी, क्योंकि अब उसके पूरे शरीर में रक्त संचार नहीं हो रहा है।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

जीवन के अंत की प्रक्रिया के दौरान देखभाल और सम्मान को हमेशा बनाए रखा जाता है, भले ही दान किया जाता है या नहीं किया जाता है।

प्रत्येक परिवार का अनुभव थोड़ा सा अलग होता है, लेकिन जब डॉक्टरों को लगेगा, कि आपका प्रियजन ठीक होने वाला नहीं था, तो चिकित्सा दल आप और आपके परिवार से अंग और ऊतक दान की संभावना के बारे में बात करना शुरू करेगा।

दान के बारे में जानकारी और पूछे गए सामान्य प्रश्न

दान के ऑपरेशन में क्या शामिल होता है?

दान के ऑपरेशन को उसी सावधानी के साथ किया जाता है, जैसे कि किसी अन्य ऑपरेशन को किया जाता है और उस व्यक्ति के शरीर को हमेशा सम्मान और गरिमा प्रदान की जाती है। इस ऑपरेशन को उच्च कौशल वाले सर्जनों और स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा किया जाता है। विशेषज्ञ डॉक्टरों और उनके दलों को ऑपरेशन करने के लिए दूसरे अस्पतालों से बुलाया जा सकता है।

दूसरे ऑपरेशनों की तरह ही, इसमें भी अंगों को निकालने के लिए एक सर्जिकल चीरा लगाया जाएगा और इसके बाद इस चीरे को ड्रेसिंग (मरहम-पट्टी) से बंद कर दिया जाएगा और ढंक दिया जाएगा। किन अंगों और ऊतकों को दान दिया जा रहा है, इस आधार पर ऑपरेशन को पूरा होने में 3 से 8 घंटे लग सकते हैं।

ऑपरेशन के बाद क्या होता है?

ऑपरेशन के बाद, दान किए गए अंगों को ऑपरेटिंग थियेटर से उन अस्पतालों को भेजा जाएगा, जहां प्रत्यारोपण होगा।

क्या वह व्यक्ति भिन्न दिखता है?

जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसका पीला दिखना और उसकी त्वचा का ठंडा महसूस होना सामान्य बात है, क्योंकि रक्त और ऑक्सीजन अब शरीर में संचारित नहीं हो रहे होते हैं। दान के ऑपरेशन के परिणामस्वरूप उस व्यक्ति की दिखावट में कोई अन्य महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होते हैं। ऑपरेशन के दौरान लगाए गए सर्जिकल चीरों को वैसे ही बंद किया और ढंका जाता है, जैसे कि किसी दूसरे ऑपरेशन में होता है और यह उस व्यक्ति के कपड़ों के नीचे दिखाई नहीं देता है।

क्या अंत्येष्टि की व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं?

अंग और ऊतक दान अंत्येष्टि की व्यवस्थाओं को प्रभावित नहीं करता है। शरीर को देखना और खुले ताबूत वाली अंत्येष्टि, दोनों संभव हैं। यदि कॉरोनर की जांच की ज़रूरत होती है, तो यह संभवतः अंत्येष्टि व्यवस्थाओं में देरी कर सकता है।

कॉरोनर की जांच की ज़रूरत कब होती है?

कुछ मौतें, जैसे कि अप्राकृतिक मामलों में या जहां मृत्यु का कारण पता नहीं होता है, वहां कानून द्वारा राज्य या प्रदेश के कॉरोनर द्वारा जांच अपेक्षित होती है। ऐसी परिस्थितियों में, एक कॉरोनियल अटॉप्सी की ज़रूरत हो सकती है।

अधिकांश राज्यों और प्रदेशों के कॉरोनर के कार्यालय, सलाहकार तक पहुंच उपलब्ध कराते हैं, जो इस प्रक्रिया के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी और सहायता उपलब्ध करा सकते हैं, जब कॉरोनियल जांच की ज़रूरत होती है।

क्या परिवार दान करने का निर्णय करने के बाद अपना विचार बदल सकता है?

हां। परिवार दान के बारे में उस समय तक किसी भी बिन्दु पर अपने विचार बदल सकता है, जब रोगी को ऑपरेटिंग कक्ष ले जाया जा रहा हो।

दान के बारे में धार्मिक राय क्या हैं?

अधिकांश प्रमुख धर्म, अंग और ऊतक दान के समर्थन में हैं। यदि किसी परिवार के पास कोई प्रश्न हैं, जिन्हें वे चर्चा करना चाह रहे हैं, तो अस्पताल के कर्मचारी उन्हें अतिरिक्त जानकारी प्रदान कर सकते हैं और उन्हें उनके धार्मिक नेता से संपर्क करने में सहायता कर सकते हैं।

क्या उस व्यक्ति के परिवार से दान के खर्च के लिए भुगतान करने की आशा की जाती है?

नहीं। मृत्यु के औपचारिक रूप से प्रमाणित होने के बाद परिवार को कोई आर्थिक खर्च नहीं करना होता है। यदि आपको अंग या ऊतक दान के संबंध में कोई राशि मिली है, तो कृपया अपने राज्य या प्रदेश की दान एजेंसी या दाता समन्वयक से संपर्क करें।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

किन अंगों और ऊतकों को दान दिया जाता है?

अस्पताल के कर्मचारी परिवार के साथ चर्चा करते हैं, कि किन अंगों और ऊतकों को दान देना संभव हो सकता है। यह उस व्यक्ति की आयु, चिकित्सा इतिहास और उसकी मृत्यु की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। परिवार से इस बात की पुष्टि करने के लिए कहा जाता है, कि वे किन अंगों और ऊतकों को दान किए जाने पर सहमत हैं। उनसे इस जानकारी का विवरण देते एक सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जाता है।

जिन अंगों और ऊतकों को दान दिया जा सकता है, उनके बारे में कुछ जानकारी आगामी पृष्ठों में मिल सकती है।

क्या उस व्यक्ति के परिवार के लोग इस बात में दखल रखते हैं, कि अंगों और ऊतकों को कौन प्राप्त करेगा?

नहीं। अंगों और ऊतकों का आवंटन राष्ट्रीय प्रोटोकॉल की शर्तों के अनुसार प्रत्यारोपण दलों द्वारा निर्धारित होता है। ये दान के सर्वेश्रेष्ठ संभव परिणाम को सुनिश्चित करने के लिए प्रतीक्षा सूची और कौन सबसे अच्छा मिलान होगा सहित कई मापदंडों पर आधारित होते हैं।

क्या उस व्यक्ति के अंग निश्चित रूप से प्रत्यारोपित किया जाते हैं?

जब दान परिवार द्वारा समर्थित होता है, तो वे इच्छाएं पूरी हों, यह सुनिश्चित करने के लिए, प्रत्येक संभव चीज़ को किया जाता है। हालांकि, दान के समय, कभी-कभी यह साफ़ हो सकता है, कि दान के लिए प्रत्याशित अंग, वास्तव में प्रत्यारोपण के लिए चिकित्सीय रूप से उपयुक्त नहीं हैं। इसे परिवार के साथ चर्चा किया जाता है, यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है।

क्या प्रत्यारोपण हमेशा सफल होता है?

ऑस्ट्रेलिया को अपने सफल प्रत्यारोपणों और प्राप्तकर्ताओं की दीर्घ अवधि की उत्तरजीविता के लिए अंतर्राष्ट्रीय रूप से जाना जाता है। जैसा कि किसी-भी ऑपरेशन के साथ होता है, प्रत्यारोपण सर्जरी के साथ भी कुछ जोखिम जुड़े हैं, हालांकि, अधिकांश प्राप्तकर्ताओं को अपने प्रत्यारोपणों से बहुत लाभ मिला है और इसके परिणामस्वरूप वे एक भरपूर और सक्रिय जीवन जीने में सक्षम हुए हैं।

क्या परिवार को उन रोगियों के बारे में जानकारी मिलती है, जिन्हें दान से लाभ मिला है?

ऑस्ट्रेलियाई कानून दाता और प्राप्तकर्ता परिवारों के बीच पहचानकारी जानकारी को साझा किए जाने से प्रतिबंधित करता है। हालांकि, दान कर्मचारी, जिन अंगों और ऊतकों को प्रत्यारोपित किया गया था और प्राप्तकर्ताओं की प्रगति बारे में जारी जानकारी उपलब्ध कराते हैं। दाता परिवार और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ता, अपने राज्य या प्रदेश की दान एजेंसी के माध्यम से एक-दूसरे को गुमनाम पत्र लिख सकते हैं।

प्रत्यारोपण के बारे में जानकारी और पूछे गए सामान्य प्रश्न

अंग और ऊतक दाता उन कई लोगों के जीवनों को बचा सकते हैं और महत्वपूर्ण रूप से बेहतर कर सकते हैं, जो बीमार हैं या मर रहे हैं। अंग बेकार होने से संबंधित गंभीर या संकटपूर्ण बीमारी से ग्रस्त कई लोगों के लिए अंग प्रत्यारोपण एक स्वस्थ जीवन की एकमात्र आशा है। आगामी पृष्ठों में उन विभिन्न अंगों और ऊतकों के बारे में थोड़ी जानकारी उपलब्ध कराई गई है, जिन्हें दान दिया जा सकता है और कुछ लोगों द्वारा प्रत्यारोपण चाहने के कारण क्या हैं।

हृदय दान

हृदय रक्त को पूरे शरीर में पंप करता है और रक्त ऑक्सीजन को अन्य सभी अंगों तक ले जाता है। यदि हृदय रक्त को उचित रूप से पंप नहीं कर सकता है, तो बाकी शरीर बहुत जल्दी बीमार हो सकता है। हार्ट फ़ेल्योर, वायरस संक्रमण या जन्मजात हृदय दोष से ग्रस्त कुछ लोगों को जीने के लिए हृदय के प्रत्यारोपण की ज़रूरत होती है। हृदय के प्रत्यारोपणों को तब किया जाता है, जब चिकित्सीय उपचार के अन्य सभी स्वरूप बेकार हो चुके होते हैं।

जब तक कोई मानव हृदय उपलब्ध नहीं हो जाता है, तब तक कृत्रिम हृदय को अस्थायी रूप से उपयोग किया जा सकता है। यदि पूरे हृदय को प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता है, तो भी हृदय वाल्वों को दान दिया जा सकता है।

फेफड़े का दान

फेफड़े, रक्त को ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं और कॉर्बन डाईऑक्साइड को बाहर निकालते हैं। फेफड़े के प्रत्यारोपणों की अकसर सिस्टिक फाइब्रोसिस (पुटीय तन्तुशोथ) या इम्फाइसेमा (वायुस्फीति) से ग्रस्त लोगों को ज़रूरत होती है, जिनके अपने फेफड़े उनके शरीरों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं दे सकते हैं। दो फेफड़ों को एक प्राप्तकर्ता में एकसाथ प्रत्यारोपित किया जा सकता है या अलग करके फेफडों को दो प्राप्तकर्ताओं में एकल फेफड़े के रूप में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

कई लोग मानते हैं, कि धूम्रपान फेफड़े के दान को रोकेगा। हालांकि, ये सच नहीं है। ऐसी जांचें है, जिन्हें इंटेसिव केयर में यह जांचने के लिए किया जा सकता है, कि फेफड़े कितनी अच्छी तरह से काम कर रहे हैं और ये परिणाम दान की उपयुक्तता को निर्धारित करते हैं।

गुर्दे का दान

गुर्दों का मुख्य कार्य रक्त के अपशिष्ट (कचरा) उत्पादों को छानना है। जब शरीर को वह मिल जाता है, जो इसे खाने से चाहिए होता है, तो अपशिष्ट को रक्त में भेज दिया जाता है, जिसे गुर्दों द्वारा छाना जाता है और शरीर से मूत्र के रूप में भेजा जाता है। यदि गुर्दे क्षतिग्रस्त या रोगग्रस्त हैं और रक्त को उचित रूप से छानने में सक्षम नहीं हैं, तो अपशिष्ट रक्त में जमा होने लगता है और शरीर को नुकसान पहुंचाता है।

वे लोग, जिनके गुर्दे गंभीर रूप से बेकार हो जाते हैं, उन्हें डायलेसिस पर रखा जाता है, जो रक्त से अपशिष्ट उत्पादों को छानता है, जब गुर्दे ऐसा नहीं कर सकते हैं। हालांकि, उनमें से अधिकांश लोगों को जीवित रहने के लिए गुर्दे के प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। दो गुर्दों को एक प्राप्तकर्ता में एकसाथ प्रत्यारोपित किया जा सकता है या अलग करके दो प्राप्तकर्ताओं में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

यकृत दान

यकृत एक जटिल अंग होता है, जिसके कई कार्य होते हैं। इसके मुख्य कार्य पोषक तत्वों (उदाहरण के लिए ग्लूकोज़, विटामिन और वसा) का संतुलन बनाए रखना, अपशिष्ट उत्पादों को निकालना और रक्त थक्काकरण को विनियमित करना हैं। चयापचयी यकृत रोग, हेपेटाइटिस B या C और जन्मजात यकृत दोषों, जैसे कि बिलियरी एट्रेसिया से ग्रस्त सभी लोगों को जीवित रहने के लिए यकृत प्रत्यारोपणों की ज़रूरत हो सकती है।

यकृत, एक ख़ास अंग है, जो पुनः बढ़ सकता है। इसका अर्थ है, कि किसी वयस्क यकृत को आकार में कम किया जा सकता है और एक छोटे बच्चे में प्रत्यारोपित किया जा सकता है, जहां तब यह बच्चे में बढ़ सकता है। इसके स्थान पर, यकृत को विभाजित किया जा सकता है और दो प्राप्तकर्ताओं में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

अग्न्याशय दान

अग्न्याशय में आइसलैट (द्वीपिका) नामक कोशिकाएं होती हैं, जो शरीर के ब्लड शुगर (रक्त शर्करा) के स्तरों को विनियमित करने के लिए इंसुलिन का उत्पादन करती हैं। टाइप-1 डायबिटीज़ से ग्रस्त लोगों में, अग्न्याशय थोड़ा या बिलुकल भी इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है और ब्लड शुगर के स्तरों को नियंत्रित करना बहुत कठिन हो सकता है, यहां तक कि इंसुलिन के इंजेक्शनों के साथ भी। वर्तमान में, अधिकांश अग्न्याशय प्रत्यारोपणों को उन लोगों में किया जा रहा है, जिन्हें टाइप 1 डायबिटीज़ है, जो कि गुर्दे को बेकार भी कर सकता है। इस कारण से, अग्न्याशय को अकसर समान दाता वाले गुर्दे के साथ प्रत्यारोपित किया जाता है।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

अग्न्याशय आइसलेट दान

ऐसा भी समय होता है, जब अग्न्याशय को एक समग्र अंग के रूप में प्रत्यारोपित करना संभव नहीं होता है। हालांकि, अग्न्याशय की इंसुलिन-उत्पादन आइसलेट कोशिकाओं को डायबिटीज़ (मधुमेह) के उपचार के लिए अलग से प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

नेत्र ऊतक दान

नेत्र ऊतक का दान कॉर्निया (कनीनिका) और स्क्लेरा (श्वेतपटल) का प्रत्यारोपण करने दे सकता है। कॉर्निया एक साफ़ ऊतक होता है, जो आंख के रंगीन हिस्से को ढंकता है। यह प्रकाश को रेटिना से होकर गुजरने देता है जिससे दिखाई देता है। कॉर्निया संबंधी प्रत्यारोपण उन लोगों में दृष्टि को दोबारा वापस लाते हैं, जो किसी आनुवांशिक दशा, बीमारी या चोट के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से अंधे होते हैं। स्क्लेरा सफ़ेद भाग होता है, जो आंख के चारों ओर होता है। स्क्लेरल ग्राफ्ट (श्वेतपटलीय जोड़) चोट के कारण अंधेपन को रोकने के लिए या उन लोगों में किया जाता है, जिनकी आंख से कैंसर को निकाला गया होता है ।

अस्थि दान

दान किए गए अस्थि ऊतक को उस हड्डी को प्रतिस्थापित करने के लिए जोड़ा जा सकता है, जो ट्यूमर के परिणामस्वरूप या अन्य रोग या दुर्घटनाओं के द्वारा लुप्त हो गई हो। इसे अस्थिभंग के उपचार, कूल्हे को मजबूत करने और घुटने के जोड़ के प्रत्यारोपणों और बच्चों और किशोरों में रीढ़ के झुकावों (स्कोलियोसिस) की मरम्मत में सहायता के लिए भी उपयोग किया जाता है। प्रत्यारोपण की आवश्यकता के प्रकार के अनुसार एक एकल अस्थि दान से दस से अधिक लोगों को लाभ मिल सकता है।

त्वचा दान

गहन अभिघात, संक्रमण क्षति से पीड़ित या त्वचा के नष्ट होने या गंभीर रूप से जले लोगों को दोबारा स्वस्थ होने के लिए स्किन ग्राफ्ट (त्वचा को जोड़ने) की आवश्यकता हो सकती है।

जब त्वचा का दान दिया जाता है, तो केवल एक पतली परत को लिया जाता है, जो थोड़ी-बहुत त्वचा जैसी होती है, जो सनबर्न में उतर जाती है। इसे आमतौर पर उस व्यक्ति की पीठ और पैर के पिछले हिस्से से लिया जाता है। औसतन, एक प्राप्तकर्ता के लिए तीन दाताओं की त्वचा की आवश्यकता होती है।

हृदय ऊतक दान

जहां हृदय को एक समग्र अंग के रूप में दान दिया जा सकता है, वहीं हृदय ऊतकों को भी अलग से दान दिया जा सकता है। दान किए गए हृदय ऊतक, जैसे कि हृदय वाल्वों को प्राथमिक रूप से छोटे बच्चों और शिशुओं में जन्मजात दोषों की मरम्मत करने के लिए उपयोग किया जाता है।

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

आभार

हम निम्नलिखित लोगों को इस पुस्तक के निर्माण में उनके मूल्यवान योगदानों के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे।

- अंग और ऊतक दाताओं के परिवारों को उनके अपने निजी अनुभवों को साझा करने के साहस के लिए।
- प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं को उनकी कहानियों और कृतज्ञता के शब्दों को साझा करने के लिए।
- अंग और ऊतक दान एजेंसियों के प्रतिनिधियों को, जिनके दाता परिवारों और प्राप्तकर्ताओं की सहायता के सामूहिक अनुभव ने इस पुस्तक को बनाने और स्वरूप देने में सहायता की है।
- विशेषरूप से हम Teresa Spencer Plane (टेरेसा स्पेन्सर प्लेन) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहेंगे, जो कि ऑस्ट्रेलिया में आधुनिक आश्रय आंदोलन की अगुआ, शोक सलाहकार और शिक्षक हैं। अंग दान के उनके निजी अनुभव ने उन्हें दाताओं के परिवारों के लिए Caring Strangers (केयरिंग स्ट्रेंजर्स) शीर्षक वाली पहली पुस्तक लिखने के लिए प्रेरित किया है। उनके समर्पण ने हमें उनके मूल कार्य को गठित करने के लिए प्रेरित किया है। DonateLife नेटवर्क, हमारे समुदाय और प्राप्तकर्ताओं की ओर से हम दूसरों के बारे में सोचने में आपकी उदारता के लिए आपको धन्यवाद देते हैं।

donate life

इन रिफ्लैक्शन (बदले में)—उन परिवारों के समर्थन में, जिन्होंने अंग और ऊतक दान प्रोग्राम में हिस्सा लिया है

"शब्दकोश में ऐसे कोई शब्द नहीं हैं, जो मेरी कृतज्ञता का वर्णन करने के लिए पर्याप्त रूप से समर्थ हों, जो मैं हमारे दाता और उनके परिवार के लिए रखती हूँ।

सिर्फ धन्यवाद पर्याप्त प्रतीत नहीं होता है।"

बाल ऊतक प्राप्तकर्ता की माँ.

An Australian Government Initiative

इन रिफ्लैक्शन
(बदले में)

फ़ोनः 02 6198 9800
फ़ैक्सः 02 6198 9801
enquiries@donatelife.gov.au
www.donatelife.gov.au